आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– कांग्रेस नेताओं के पास मुद्दों की कमी– नरेन्द्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री।
- लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार ज़ोरों पर– प्रधानमंत्री का 24 मई को हिमाचल आने का कार्यक्रम।
- राज्यपाल ने शिमला में कला प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ– 11 राज्यों के कलाकारों की कलाकृतियां की गईं प्रदर्शित।
- प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी– कई स्थानों पर 44 डिग्री से अधिक पहुंचा तापमान।

## अनुराग ठाकुर

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और 6 सीटों पर विधानसभा उप–चुनाव में अब 11 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार ने भी तेजी पकड़ ली हैं और भाजपा व कांग्रेस के स्टार प्रचारक अभियान में जुटे हुए हैं। चुनाव प्रचार की कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के देहरा और नादौन विधानसभा क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ के सहारे लोकसभा चुनाव में जीत का सपना देख रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस चुनावी मैदान से पूरी तरह कट चुकी है और कांग्रेस नेताओं के पास वास्तविक मुद्दों की कमी है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। भाजपा नेता ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत मांगने वाला नहीं बल्कि मदद करने वाला देश बनकर उभरा है। अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार को भी घेरा और आरोप लगाया कि अब तक के कार्यकाल में कांग्रेस एक भी गारंटी पूरा नहीं कर पाई है। यही कारण है कि डेढ़ साल के कार्यकाल में ही कांग्रेस सरकार के 9 विधायक साथ छोड़ गए जो प्रदेश के इतिहास में पहली बार हुआ है।

## राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों में चौतरफा विकास किया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत में करोड़ों लोग गरीबी से बाहर निकले हैं जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ही जाता है। राजीव बिंदल ने दावा किया कि केन्द्र में एकबार फिर भाजपा सरकार बनने जा रही है वहीं 6 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीतने के साथ ही राज्य में भी डबल इंजन की सरकार बनने वाली है।

मुख्यमंत्री

दूसरी ओर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज बिलासपुर और सोलन ज़िले में चुनाव प्रचार किया। बिलासपुर के जगातखाना में चुनावी जनसभा में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने भले ही कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए लेकिन इसके बावजूद भी प्रदेश सरकार के कदम नहीं डगमगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने एक लाख 36 हज़ार कर्मचारियों को ओल्ड पैंशन देकर उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिला विरोधी रही है और भाजपा नहीं चाहती कि महिलाओं को 15 सौ रूपए की मासिक पैंशन का लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से खरीद फरोख़्त की राजनीति पर करारी चोट करने के लिए एक जून को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया है। जनसभा में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर और हमीरपुर से लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार सतपाल रायजादा समेत पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे।

मुकेश अग्निहोत्री

वहीं दूसरी ओर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि ये चुनाव विकास और हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के मुद्दे पर है। ऊना ज़िले के हरोली में युवा कांग्रेस के सम्मेलन में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ जो वायदा किया है उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा ने युवाओं को ठगने का काम किया है और उन्हें रोज़गार से वंचित रखा है।

विक्रमादित्य सिंह

मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने आज कुल्लू ज़िले के विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि युवाओं को घरद्वार पर रोज़गार व स्वरोज़गार प्राप्त हो, यही मण्डी संसदीय क्षेत्र के लिए उनका विज़न है। इसके अलावा सांसद बनने पर वे प्रदेश और कुल्लू ज़िले के बागवानों की आवाज़ को प्रमुखता से उठाएंगे।

पीएम रैली

भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 24 मई को हिमाचल आने का कार्यक्रम है। इस दौरान वे नाहन और मण्डी में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज नाहन में भाजपा मण्डल के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री की नाहन में प्रस्तावित रैली की तैयारियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब भी प्रदेश दौरे पर आते हैं तो पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता के बीच एक नई ऊर्जा का संचालन होता है। राजीव बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां देश के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं वहीं कांग्रेस ने हमेशा देश को तोड़ने का काम किया है।

मनीष गर्ग

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांगजन मतदाताओं की सुविधा के लिए होम वोटिंग यानि घर से मतदान की सुविधा प्रदान की है। इस सुविधा के लिए प्रदेश में प्रपत्र 12—डी के माध्यम से 48 हज़ार 9 सौ 19 आवेदन आए हैं जिनमें से अब तक 37 हज़ार 3 सौ 62 प्रपत्र स्वीकृत किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज शिमला में बताया कि इसी तरह मतदान के दिन अनिवार्य सेवाओं पर तैनात कर्मचारियों से 2 हज़ार 9 सौ 95 आवेदन मिले हैं जिनमें से 2

हज़ार 10 बारह–डी प्रपत्रों को स्वीकार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि होम वोटिंग के लिए मतदान की सुविधा 21 से 29 मई तक पात्र मतदाताओं के घर पर जाकर उपलब्ध करवाई जाएगी।

चुनाव–पांचवां चरण

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में कल होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस चरण में छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और शाम 6 बजे तक चलेगा। 94 हजार 7 सौ 32 मतदान केंद्रों पर 9 लाख 47 हजार से अधिक मतदानकर्मी अपनी सेवाएं देंगे। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त छाया, पीने के पानी, रैम्प, शौचालय और व्हीलचेयर आदि की व्यवस्था होगी। भीषण गर्मी को देखते हुए निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक उपाय करने की सलाह दी गई है।

कला प्रदर्शनी

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में एकादश कला प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। भारतीय कला परिषद द्वारा आयोजित इस पांच दिवसीय कला प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों के 11 कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ये कलाकृतियां कलाकार की कड़ी मेहनत और जीवन की सुंदरता व जटिलता को कैनवास पर उतारने की उनकी क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि शिमला का गेयटी थियेटर विभिन्न कलाओं के प्रदर्शन के लिए देश का उत्कृष्ट कलाकेन्द्र बनकर उभरा है।

मौसम

प्रदेश के अधिकतर भागों में इन दिनों भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। तेज धूप खिलने से तापमान में भारी वृद्धि दर्ज की जा रही है। खासतौर पर राज्य के मैदानी इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। 44 दशमलव दो डिग्री अधिकतम तापमान के साथ आज ऊना प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। इसी तरह हमीरपुर ज़िले के नेरी में 44 डिग्री जबकि बिलासपुर में अधिकतम तापमान 42 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश के कई अन्य स्थानों पर भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में लोग भीषण गर्मी से बचने के लिए दोपहर का अधिक समय घरों के भीतर ही बिता रहे हैं। प्रदेश में बढ़ती गर्मी के बीच जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं जिसके चलते वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान मैदानी इलाकों में मौसम साफ रहने जबकि ऊपरी इलाकों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना जताई है।

पोस्टल बैलेट

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 21 हज़ार 5 सौ 18 सैन्य जवानों को ई–ट्रांसमिशन से पोस्टल बैलेट भेजे जाएंगे। कांगड़ा ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने सर्विस वोटर्स की सुविधा के लिए ई–पोस्टल बैलेट व्यवस्था को लागू किया है। उन्होंने कहा कि सर्विस वोटर्स को ईमेल के ज़रिए पोस्टल बैलेट और पिन कोड भेजा जाएगा ताकि वे मतदान कर सकें। ज़िला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मतदान में अधिक से अधिक लोग भाग लें, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया है।

मैराथन

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित बनाने के उद्देश्य से चम्बा ज़िला मुख्यालय में आज एक मैराथन का आयोजन किया गया। ये मैराथन ऐतिहासिक चौगान मैदान से शुरू होकर करियां होते हुए मिलेनियम गेट में संपन्न हुई। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि ये मैराथन मेरा वोट–मेरा भविष्य की थीम पर आधारित रही है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग द्वारा स्वीप टीमों के माध्यम से ज़िले में लोगों को निरंतर मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस बीच स्वीप अभियान के तहत पुलिस मैदान चम्बा में क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया।

वीवी पैट

शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए ई.वी.एम. और वी.वी.पैट मशीनों की दूसरी रैंडमाईज़ेशन का आज शिमला में आयोजन किया गया। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में शिमला संसदीय क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक जंग बहादुर यादव भी मौजूद रहे। इसके साथ ही आज शिमला लोकसभा क्षेत्र के 2 हज़ार 84 मतदान केन्द्रों के लिए 3 हज़ार एक सौ 61 वी.वी. पैट मशीनों का आबंटन किया गया है।